24. **व्याख्या :** (C) किसी तत्व के भिन्न-भिन्न रूप जिनके रासायनिक गुण समान पाये जाते हैं, लेकिन भौतिक गुण भिन्न-भिन्न होते हैं, एक-दूसरे के अपररूप कहलाते हैं। कार्बन के दो अपररूप होते हैं-

1. क्रिस्टलीय अपररूप :- हीरा, ग्रेफाइट, फुलरीन आदि
2. अक्रिस्टलीय अपररूप:- कार्बन ब्लैक, कोक, चारकोल आदि।

25. **व्याख्या :** (D) टेफ्लॉन विद्युत धारा का कुचालक है। इसका उपयोग ताप एवं रासायनिक प्रतिरोधी पदार्थ बनाने में, बर्तनों एवं अन्य सामानों को बिना चिपकने वाला बनाने के लिए, पम्प, पैकिंग में किया जाता है।

26. **व्याख्या :** (B) जिंक ऑक्साइड को जस्ते का फूल कहा जाता है। इसका उपयोग मरहम तथा चेहरे की क्रीम बनाने में किया जाता है।

27. **व्याख्या :** (C) भारी जल 3.8° सेल्सियस पर जमता है। ड्यूटीरियम के ऑक्साइड ($D_2O$) को भारी जल कहते हैं। भारी जल की खोज 1932 ई. में यूरे और वाशबर्न ने की थी। न्यूट्रॉन मंदक के रूप में इसका उपयोग होता है।

28. **व्याख्या :** (A)

$$2CHI_3 + O_2 \xrightarrow{C_2H_5OH} 2COCl_2 + 2HCl$$

क्लोरोफॉर्म वायु से ऑक्सीकृत होकर विषैली गैस फॉस्जीन बनाती है। इस अभिक्रिया की गति को मंद करने के लिए इसमें थोड़ी मात्रा में एथेनॉल $(C_2H_5OH)$ मिला दिया जाता है।

29. **व्याख्या :** (C) जब सूर्य का प्रकाश वायुमण्डल से गुजरता है तो वह प्रकाश वायुमण्डल में विभिन्न दिशाओं में फैल जाता है, इस प्रक्रिया को प्रकाश का प्रकीर्णन कहते हैं। प्रकीर्णन के कारण समुद्र का पानी नीला दिखाई देता है।

30. **व्याख्या :** (B) यदि 2 समतल दर्पण एक-दूसरे के समांतर रख दिए जाये तो $\theta$ का मान शून्य होगा। ऐसी स्थिति में

दर्पणों के बीच रखी वस्तु के प्रतिबिम्बों की संख्या

$\eta = \frac{360^\circ}{\theta} = -1 = \infty$ होगा।

31. **व्याख्या :** (D) मक्का एक खाद्य पदार्थ है जिसका वानस्पतिक नाम जीया मेज है। यह खरीफ की फसल है। इसकी उन्नत किस्में विजय, शक्ति, रतन आदि हैं।

32. **व्याख्या :** (C) एकल या निवही पॉलिप जंतु जो सीलेन्टेटा संघ के हैं, कैल्सियम कार्बोनेट का बना कंकाल स्त्रावित करते हैं, जिसे कोरल या प्रवाल कहते हैं। अधिकांश कोरल एन्थोजोआ वर्ग के जीवों द्वारा स्त्रावित किए जाते हैं।

33. **व्याख्या :** (B) नोबेल पुरस्कार विजेता चिकित्साशास्त्री रॉबर्ट लान्जा ने खगोलशास्त्री बोब बर्मन के साथ 2007 में जैवकेन्द्रिकता का सिद्धान्त प्रतिपादित किया। इस सिद्धान्त के अनुसार विश्व का अस्तित्व जीवन के कारण है।

34. **व्याख्या :** (C) सोवियत संघ ने पहल करते हुए अक्टूबर 1957 में स्पूतनिक-1 नामक पहला मानव निर्मित उपग्रह अंतरिक्ष में भेजा। स्पूतनिक-1 ने 939 से 215 किमी. की दूरी रखते हुए पृथ्वी के चक्कर लगाए।

35. **व्याख्या :** (B) संयुक्त राष्ट्र द्वारा 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस घोषित किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता वर्ष 2010 को मनाया गया।

36. **व्याख्या :** (C) ये बैक्टीरिया द्विबीजपत्री पौधों की कुछ जातियों के साथ पाए जाते हैं। नाइट्रोजन स्थिरीकरण वाले बैक्टीरिया फलीदार पौधों की जड़ों में एक विशेष प्रकार की संरचना में पाए जाते हैं।

37. **व्याख्या :** (D) सी.एन.जी. पृथ्वी के भीतर पाए जाने वाले हाइड्रोकार्बनों का मिश्रण है, इसमें कार्बन केवल एक यौगिक मेथेन के रूप में 80 से 90 प्रतिशत मात्रा में उपस्थित होता है। यह सबसे सस्ता व सबसे कम प्रदूषक ईधन है।

38. **व्याख्या :** (C) प्रथम ट्रांसजेनिक पादप तम्बाकू था। डी.एन.ए. फिंगर प्रिंटिंग की खोज एलेक जेफ्री द्वारा की गई। हैबरलैण्ड को पादप ऊतक संवर्धन का जनक कहते हैं।

39. **व्याख्या :** (B) CSCR संस्थान बेंगलुरू में स्थित है।
CSCR = Center For Stem Cell Research
हाइड्रोपोनिक्स को मृदा रहित संवर्धन कहते हैं।

40. **व्याख्या :** (A) पुरुष में पुरुषत्व हेतु उत्तरदायी गुणसूत्र का संयोजक XY गुणसूत्र है। मानव में कुल 23 गुणसूत्र पाये जाते हैं। एक दम्पत्ति की संतति में XX गुणसूत्रीय संरचना प्राप्त हुई अत: लड़की संतति का प्रकार होगा।

41. **व्याख्या:** (B) 'बिम्बलडन ट्रॉफी' टेनिस की एक प्रतियोगिता है, उसी प्रकार 'वाकर कप' गोल्फ की एक प्रतियोगिता है।

42. **व्याख्या :** (A) दिया है - a= 1261 और b = 1067
H.C.F. = 97, L.C.M. = ?

$$L.C.M. = \frac{a \times b}{HCF}$$

$$\Rightarrow \frac{1261 \times 1067}{97} = 1261 \times 11 = 13871$$

43. **व्याख्या :** (D) $x+y=2xy$

दोनों तरफ $xy$ से भाग देने पर-

$$\Rightarrow \frac{x}{xy}+\frac{y}{xy}=\frac{2xy}{xy}$$

$$\Rightarrow \frac{1}{y}+\frac{1}{x}=2.........(i)$$

दूसरे समीकरण से $\Rightarrow \frac{1}{x}+\frac{2}{y}=10.........(ii)$

समी. (i) में से समी. (ii) घटाने पर

$$-\frac{1}{y}=\ -8 \qquad \Rightarrow y=\frac{1}{8}$$

44. **व्याख्या :** (B) मध्य बिन्दु के निर्देशांक -

$$x=\frac{x_1+x_2}{2}, \quad y=\frac{y_1+y_2}{2}$$

$$x=\frac{6+2}{2}=\frac{8}{2}=4$$

$$y=\frac{8+4}{2}=\frac{12}{2}=6$$

मध्य बिन्दु के निर्देशांक - (4, 6)

45. **व्याख्या :** (C) $\sin 60^\circ \cos 30^\circ + \sin 30^\circ \cos 60^\circ$

$$\left(\frac{\sqrt{3}}{2}\right)\left(\frac{\sqrt{3}}{2}\right)+\left(\frac{1}{2}\right)\left(\frac{1}{2}\right)$$

$$\left(\frac{\sqrt{3}}{2}\right)^2+\left(\frac{1}{2}\right)^2$$


$$\frac{3}{4}+\frac{1}{4}=1$$

46. **व्याख्या :** (A) बेलन का वक्र पृष्ठ - $2\pi rh$

$$66=2\times\frac{22}{7}\times r\times 3 \qquad \Rightarrow \frac{66\times 7}{2\times 22\times 3}=r$$

$r=3.5\,cm$

47. **व्याख्या :** (D)




अभीष्ट दूरी $=\sqrt{(6)^2+(8)^2}$

$=\sqrt{36+64}$

$= \sqrt{100} = 10$ मीटर

अत: विकल्प (D) सही है।

**48. व्याख्या :** (D) मेवाड़ के सिक्के - चित्तौड़ी, भिलाड़ी, एलची शाहआलमी, स्वरूपशाही व चांदौड़ी।
जोधपुर के सिक्के - विजयशाही, भीमशाही, गजशाही व लल्लूलिया।
धौलपुर - तमंचाशाही।

**49. व्याख्या :** (C) प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान की स्थापना 1955 ई. में जोधपुर में की गई। यहाँ पर वर्तमान में पाण्डुलिपियों का संपादन एवं प्रकाशन किया जा रहा है।

**50. व्याख्या :** (B) गणेश्वर - कांतली नदी
नोह (भरतपुर) - रूपारेल नदी
जोधपुरा (जयपुर) - साबी नदी
विराटनगर - बाणगंगा

**51. व्याख्या :** (B) महाराणा जगतसिंह प्रथम (1628-1652 ई.) की मृत्यु के बाद महाराणा राजसिंह प्रथम (1652-1680 ई.) मेवाड़ के स्वामी बने।
महाराणा कर्णसिंह (1620-1628 ई.)
महाराणा जयसिंह (1680-1698 ई.)।

**52. व्याख्या :** (A) अकबर ने अपने राज्याभिषेक के 50वें वर्ष (11 मार्च, 1605) में मानसिंह को 7000 जात और 6000 सवार का मनसब प्रदान किया।
अकबर ने मानसिंह को 'फर्जन्द' की उपाधि भी प्रदान की।

**53. व्याख्या :** (C) लॉर्ड मेयो के अजमेर दरबार 1870 ई. में कोटा महाराव को आमंत्रित नहीं किया गया क्योंकि 1857 ई. के विद्रोह में उनकी भूमिका को संदिग्ध माना गया था, जबकि जोधपुर महाराजा तख्तसिंह दरबार में शामिल हुए बिना वापस लौट गए।

**54. व्याख्या :** (B) मेवाड़ महाराणा सज्जनसिंह (1874-1884 ई.) ने 10 मार्च, 1877 ई. को एक नई राज्य परिषद 'इजलास खास' की स्थापना की। महाराणा शम्भूसिंह ने 1869 ई. में महकमा खास का गठन किया।

**55. व्याख्या :** (A) मई, 1925 ई. को नीमूचणा (अलवर) में कमाण्डर छज्जूसिंह के नेतृत्व में किसानों पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। इस घटना को महात्मा गांधी ने यंग इंडिया में जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड से भी वीभत्स बताया और दोहरी डायरशाही की संज्ञा दी।

**56. व्याख्या :** (A) पंडित देवीशंकर तिवारी द्वारा 1943 ई. में जयपुर से लोकवाणी समाचार-पत्र का प्रकाशन किया गया।
- 1919 ई. में वर्धा महाराष्ट्र से विजय सिंह पथिक द्वारा राजस्थान केसरी समाचार-पत्र निकाला गया।

**57. व्याख्या :** (D) 1918 ई. में दिल्ली के चाँदनी चौक में राजपूताना मध्य भारत सभा की स्थापना की गई।
- इसकी अध्यक्षता जमनालाल बजाज द्वारा की गई। इसका मुख्यालय अजमेर में रखा गया था।

**58. व्याख्या :** (C) वागड़ का गांधी - भोगीलाल पाण्ड्या।
राजस्थान का गांधी - गोकुल भाई भट्ट।
राजस्थान का मामा - बालेश्वर दयाल।

**59. व्याख्या :** (A) रमा देवी का जन्म जयपुर में हुआ। 1930 ई. व 1932 ई. में सत्याग्रह एवं सविनय अवज्ञा आंदोलन में उन्होंने भाग लिया और जेल भी गयी।

**60. व्याख्या :** (B) शाहपुरा प्रजामण्डल की स्थापना 1938 ई. में रमेशचन्द्र ओझा द्वारा की गई।

– लादूराम व्यास, अभय सिंह, गोकुल लाल असावा, लक्ष्मीसिंह कोटिया इसके प्रमुख सहयोगी नेता थे।

**61. व्याख्या :** (B) जैसलमेर रियासत के एकीकरण के समय शासक महारावल जवाहर सिंह थे।

– करौली के शासक – महाराजा गणेशपाल।

**62. व्याख्या :** (A) एकीकरण के 7वें चरण में सिरोही की आबू व दिलवाड़ा तहसीलें तथा मध्यप्रदेश का सुनेल टप्पा व अजमेर मेरवाड़ा क्षेत्र राजस्थान में मिलाया गया।

**62. व्याख्या :** (C) हीरावणी – विवाह के दौरान दुल्हन को दिया गया कलेवा।

लडार – कायस्थ जाति में विवाह के छठे दिन वधू पक्ष की ओर से वर पक्ष को दिया जाने वाला भोज।

ओझण – बेटी को फेरों के बाद दिया जाने वाला दहेज।

**64. व्याख्या :** (D) भाद्रपद कृष्ण तृतीया – बड़ी तीज/सातुड़ी तीज /कजली तीज भी कहते हैं।

कजली तीज बूंदी की प्रसिद्ध है।

छोटी तीज श्रावण शुक्ल तृतीया को मनाई जाती है।

**65. व्याख्या :** (A) कपिलधारा का मेला कार्तिक पूर्णिमा को सहरिया क्षेत्र बारां में लगता है।

कपिलमुनि का मेला कोलायत (बीकानेर) में लगता है।

**66. व्याख्या :** (C) धावड़ी – मेवाड़ी बोली की उपबोली है। बागड़ी बोली – डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा के क्षेत्र में बोली जाती है। इसे ग्रियर्सन ने भीली बोली भी कहा है।

ढ़ाटी – मारवाड़ी की उपबोली है जो बाड़मेर क्षेत्र में बोली जाती है।

**67. व्याख्या :** (A) रणमल छंद – श्रीधर व्यास।

**68. व्याख्या :** (C) अलखिया सम्प्रदाय की प्रधान पीठ – सुलाखिया (चूरू) में है। इसके प्रवर्तक साधु लाल गिरी थे। लाल गिरी जी के कुण्डलिये प्रसिद्ध हैं।

**69. व्याख्या :** (B) लोकदेवता मेहा जी मांगलिया का मंदिर बापणी (जोधपुर) गांव में है। इनके घोड़े का नाम किरड़ काबरा है।

– हरिराम बाबा का प्रसिद्ध स्थल झौरड़ा गांव (चूरू) में स्थित है।

**70. व्याख्या :** (A) झोरावा – जैसलमेर क्षेत्र में पति के परदेश जाने पर उसके वियोग में गाया जाने वाला गीत है।

कुरंजा – जोधपुर क्षेत्र का विरह गीत है।

**71. व्याख्या :** (D) सुषिर वाद्ययंत्र – बांसुरी, पूंगी, शहनाई, नड़, करणा, सींगा, बरगु, भूंगल।

पखावज एक अवनद्ध वाद्ययंत्र है।

**72. व्याख्या :** (D) कालबेलिया नृत्य को 2010 में यूनेस्को द्वारा अमूर्त विरासत सूची में शामिल किया गया।

इण्डोणी, शंकरिया, पणिहारी व बागड़िया, कालबेलिया जाति के प्रमुख नृत्य हैं।

**73. व्याख्या : (A)** देवगढ़ शैली मारवाड़, जयपुर एवं मेवाड़ शैली का समन्वित रूप है।

– बगता, कमला प्रथम, चोखा, वैजनाथ यहाँ के प्रमुख चित्रकार हैं।

– अजारा की ओवरी व मोती महल यहाँ के प्रमुख भित्ति चित्र हैं।

**74. व्याख्या : (D)** गले के आभूषण – हमेल, मांदलिया, रामनामी, हांसली, तिमणियाँ, मोहनमाला, चन्द्रमाला, मटरमाला, निबोरी, धमणिया आदि।

– दाँत के आभूषण – रखन, चूंप आदि।

**75. व्याख्या : (C)** असीरगढ़ (भूमगढ़), टोंक – इसका निर्माण भोला ब्राह्मण द्वारा करवाया गया।

– नवलखा दुर्ग (झालरापाटन) का निर्माण झाला पृथ्वी सिंह द्वारा करवाया गया।

**76. व्याख्या : (A)** शीतलेश्वर महादेव मंदिर (झालावाड़) – इसका निर्माण राजा दुर्गण के सामन्त वाप्पक द्वारा वि.सं. 746 में करवाया गया था। यह राजस्थान का प्रथम तिथि अंकित (689 ई.) मंदिर है।

**77. व्याख्या : (A)** लेटा, मांगरोल एवं सालावास कपड़ों की बुनाई के लिए प्रसिद्ध हैं।

**78. व्याख्या : (B)** भारत का उत्तर से दक्षिण विस्तार 3214 किमी. और पूर्व से पश्चिम विस्तार 2933 किमी. है।

– भारत की स्थलीय सीमा रेखा की कुल लम्बाई लगभग 15106 किमी. है।

– भारत की तटीय रेखा की लम्बाई 7516 किमी. है।

– भारत के आठ राज्य तटीय सीमा बनाते हैं।

**79. व्याख्या : (C)** चीन के साथ भारत की स्थलीय सीमा की लम्बाई 3488 किमी. है, भारत के 4 राज्यों व केन्द्रशासित प्रदेश के साथ सीमा साझा करता है।

4 राज्य – हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश व केन्द्रशासित प्रदेश लद्दाख के साथ सीमा बनाता है।

**80. व्याख्या : (A)** गॉडविन ऑस्टिन K2 व राकापोशी चोटी ट्रांस हिमालय का भाग है।

**81. व्याख्या : (B)** तुजू दर्रा – मणिपुर में स्थित है जो मणिपुर को म्यांमार से जोड़ता है।

– बनिहाल दर्रा – श्रीनगर को जम्मू से को जोड़ता है।

– बोमडिला – अरुणाचल प्रदेश में स्थित है।

**82. व्याख्या : (C)** मालाबार के तटीय मैदान में कयाल (लैगून) पाये जाते हैं।

मालाबार तट – मंगलूर एवं कन्याकुमारी के बीच स्थित है।

कन्नड़ तट – गोवा से मंगलुरू

कोंकण तट – दमन व महाराष्ट्र से गोवा के मध्य स्थित है।

**83. व्याख्या : (A)** चमेरा तथा थीन परियोजना – रावी नदी पर हैं।

बगलीहार, सलाल तथा दुलहस्ती परियोजना – चेनाब नदी पर हैं।

तुलबुल एवं उरी परियोजना – झेलम नदी पर हैं।

**84. व्याख्या : (B)** नर्मदा नदी का उद्गम अमरकंटक की पहाड़ी (मध्यप्रदेश) से होता है।

– सरदार सरोवर परियोजना इसी नदी पर अवस्थित है।

– ओरसंग इसकी प्रमुख सहायक नदी है।

**85. व्याख्या :** (B) लोनार, पवई, गोरेवाड़ा व सलीम अली सरोवर झीलें महाराष्ट्र में स्थित है।
– कोलेरू – आंध्रप्रदेश में, लोकटक झील – मणिपुर में।

**86. व्याख्या :** (D) बेतला राष्ट्रीय उद्यान – झारखण्ड
– वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान – बिहार
– कंचनजंघा – सिक्किम
– भीतरकनिका, सिमलीपाल – ओडिशा।

**87. व्याख्या :** (B) प्रोजेक्ट एलीफेंट की शुरुआत 1992 में केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई थी।
– हाथियों की अवैध हत्या को रोकने के लिए 2003 में साइट्स द्वारा दक्षिण एशिया में MIKE कार्यक्रम शुरू किया गया।

**88. व्याख्या :** (A) शाहबाद उच्च भूमि – बारां में स्थित है। यहाँ रामगढ़ के निकट घोड़े की नाल की आकृति वाली पर्वत श्रेणी स्थित है।
– डग-गंगाधर की उच्च भूमि झालावाड़ में है।

**89. व्याख्या :** (A) पश्चिमी रेतीले मैदान का लगभग 60% भाग बालुका स्तूपों से आच्छादित है। इन बालुका स्तूपों को स्थानीय भाषा में 'धोरे' कहते हैं।
अनुदैर्ध्य बालुका स्तूप – ये बालुका स्तूप जैसलमेर, जोधपुर तथा बाड़मेर में वायु की दिशा में विस्तृत है।

**90. व्याख्या :** (B) Bwhw (उष्णकटिबंधीय शुष्क जलवायु प्रदेश) इसका विस्तार उत्तरी-पश्चिमी जोधपुर, जैसलमेर, पश्चिमी बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर तथा चूरू जिले के कुछ क्षेत्र में होता है।
Aw – उष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु प्रदेश।

**91. व्याख्या :** (A) राजस्थान में एन्टिसोल मृदा का विस्तार शुष्क पश्चिमी राजस्थान में है।
– इसका रंग प्राय: हल्का पीला-भूरा होता है।
– वर्टीसोल्स मिट्टी – कोटा, बूंदी, बारां व झालावाड़ में पायी जाती है।

**92. व्याख्या :** (A) नवीन भूरी मृदा – भीलवाड़ा एवं अजमेर।
नवीन जलोढ़ मृदा – अलवर, भरतपुर, सवाई माधोपुर एवं जयपुर।
लाल लोमी मृदा – डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा।

**93. व्याख्या :** (C) राजस्थान के 2 जिलों में अपने क्षेत्रफल का 20% से अधिक वन हैं।
1. उदयपुर 23.49% 2. प्रतापगढ़ 23.24%
प्रतिशत के अनुसार सर्वाधिक वन क्षेत्र वाले जिले –
1. उदयपुर 23.49% 2. प्रतापगढ़ 23.24%
3. सिरोही 17.49% 4. करौली 15.28%

**94. व्याख्या :** (B) राजस्थान में तेंदू पत्ता का राष्ट्रीयकरण राजस्थान तेंदू पत्ता अधिनियम 1974 पारित कर किया गया।
राजस्थान में तेंदू के वृक्षों का विस्तार झालावाड़, बारां, कोटा, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा व उदयपुर जिलों में है।

**95. व्याख्या :** (A) 25 अप्रैल, 2022 को राजस्थान सरकार द्वारा जालौर जिले के चितलवाड़ा तहसील के रणखार गांव को 16वाँ कन्जर्वेशन रिजर्व घोषित किया गया है।
यह कन्जर्वेशन जंगली गधे घुडखर के लिए प्रसिद्ध है।

**96. व्याख्या :** (D) वाकल नदी का उद्गम गोगुन्दा की पहाड़ियाँ में सुरन गांव से होता है।
ये साबरमती की सहायक नदी है।
मानसी व पारवी वाकल की सहायक नदियाँ है।

**97. व्याख्या :** (B) तलवाड़ा झील – हनुमानगढ़ में स्थित है।
बीकानेर – अनूपसागर, कोलायत, सूरसागर, लूणकरणसर व गजना झील स्थित है।
भरतपुर – अजान बांध, बंध बरैठा, मोती झील, सेवर सीकरी स्थित है।

**98. व्याख्या :** (D) गंगनहर परियोजना का शिलान्यास 5 दिसम्बर, 1922 को बीकानेर महाराजा गंगासिंह ने किया।
– 26 अक्टूबर, 1927 को इसका शुभारंभ किया गया।
– इसकी मुख्य नहर की कुल लम्बाई 129 किमी. है। 112 किमी. पंजाब में, 17 किमी. राजस्थान में।
इसके द्वारा कुल सिंचित क्षेत्र 3.08 लाख हैक्टेयर है।

**99. व्याख्या :** (C) काला गुमान (राजसमंद) से बूबानी (अजमेर) तक के क्षेत्र को ग्रीन फायर बेल्ट के नाम से जाना जाता है।
अजमेर फेल्सपार उत्पादन में अग्रणी जिला है।

**100. व्याख्या :** (C) राजस्थान के न्यूनतम नगरीय जनसंख्या वाले जिले– प्रतापगढ़ (71807), डूंगरपुर (88743), कोटा (89025), बांसवाड़ा।
न्यूनतम ग्रामीण जनसंख्या – जैसलमेर, कोटा, प्रतापगढ़, सिरोही।

**101. व्याख्या :** (D) राजस्थान की साक्षरता दर 66.1% है।
नगरीय साक्षरता दर–79.7%, ग्रामीण साक्षरता दर–61.4%
पुरुष साक्षरता दर–79.2%, महिला साक्षरता दर–52.1%
ग्रामीण महिला साक्षरता दर – 45.8%
ग्रामीण पुरुष साक्षरता दर – 76.2%

**102. व्याख्या :** (C) सोनाड़ी या चनोथर मुख्यत: उदयपुर, डूंगरपुर तथा चित्तौड़गढ़ क्षेत्र में पाई जाती है।
चोकला को भारत की मेरिनों भी कहते हैं। यह मुख्यत: चूरू, झुंझुनूं, सीकर व बीकानेर में मिलती है।

**103. व्याख्या :** (D) रेल मंत्रालय द्वारा 2004 में विलेज ऑन व्हील्स नामक परियोजना शुरू की गई।
– 27 दिसम्बर, 1991 को पेइंग गेस्ट योजना शुरू की गई, जिसका उद्देश्य 'घर से दूर घर की अनुभूति कराना' है।

**104. व्याख्या :** (A) परिवर्तित क्षेत्र विकास कार्यक्रम – जनजातिय क्षेत्रों के विकास हेतु 1978–79 में आरम्भ किया गया।
– सहरिया विकास कार्यक्रम 1977–78 में शुरू किया गया।

**105. व्याख्या :** (B) माउण्ट आबू वन्यजीव अभयारण्य को 2008 में अभयारण्य का दर्जा दिया गया।
– केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने माउण्ट आबु को जून, 2009 में इको सेंसेटिव जोन घोषित किया।
– यह अभयारण्य जंगली मूर्गो के लिए प्रसिद्ध है।

**106. व्याख्या :** (C) सतुर ग्रेट बाउंड्री फॉल्ट – बूंदी जिले में स्थित है। सेन्द्रा ग्रेनाइट – पाली।
आकल वुड जीवाश्म पार्क – जैसलमेर।

**107. व्याख्या :** (B) कांकनी नदी/मसूरदी नदी का उद्गम कोटरी गांव की पहाड़ियों से जैसलमेर से होता है।

- यह एक आंतरिक प्रवाह वाली नदी है।

- यह जैसलमेर में बुझ झील का निर्माण भी करती है।

**108. व्याख्या :** (C) राजस्थान सरकार ने शहरी क्षेत्रों के लगभग 5 लाख रेहड़ी-पटरी वालों तथा सेवा क्षेत्र के युवाओं और बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए यह योजना शुरू की।

- इस योजना के तहत लाभार्थी को बिना किसी गारंटी के ₹ 50000 तक का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है।

**109. व्याख्या :** (B) एक नम्बर, एक कार्ड, एक पहचान की विचारधारा के साथ 18 दिसंबर, 2019 को राजस्थान जन आधार योजना की शुरुआत की गई। इसके तहत 10 अंकों की परिवार पहचान संख्या तथा 11 अंकों की व्यक्तिगत पहचान संख्या प्रदान की जाती है।

**110. व्याख्या :** (B) राजस्थान के थोक मूल्य सूचकांक का आधार वर्ष 1999-2000 रखा गया है।

- इसे राजस्थान सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय द्वारा मासिक आधार पर जारी किया जाता है।

- इसमें 154 वस्तुओं को सम्मिलित किया गया है।

**111. व्याख्या :** (C) राज्य में कृषि गणना 2015-16 के अनुसार कुल प्रचलित भू जोतों की संख्या 76.55 लाख है।

यह वर्ष 2010-11 में 68.88 लाख थी।

- महिला प्रचलित भू जोतों की संख्या 7.75 लाख है।

**112. व्याख्या :** (A) राजस्थान सरकार द्वारा 2019-20 में टोंक, सिरोही एवं बांसवाड़ा से जीरो बजट नेचुरल फार्मिंग की शुरुआत की गई।

वित्तीय वर्ष 2020-21 से 15 जिलों में क्रियान्वित की जा रही है।

**113. व्याख्या :** (C) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना 2016 से प्रारंभ की गई है।

इसमें असिंचित क्षेत्रों के लिए 30% एवं सिंचित क्षेत्रों के लिए 25% की अधिकतम प्रीमियम का केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

**114. व्याख्या :** (A) परवन वृहद् परियोजना - परवन नदी पर स्थित है। इसके तहत झालावाड़, बारां एवं कोटा जिलों के 2.01 लाख हैक्टेयर में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी गई।

**115. व्याख्या :** (D) न्यू डवलपमेंट बैंक द्वारा मरु क्षेत्र जल पुनर्गठन परियोजना को वित्त पोषित किया जा रहा है।

- इसका लाभ श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, नागौर, बीकानेर, झुंझुनूं, सीकर, जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर जिलों को मिलेगा।

**116. व्याख्या :** (C) डांग क्षेत्र विकास कार्यक्रम 2005-06 में शुरू किया गया। यह कार्यक्रम 8 जिलों की 26 पंचायत समितियों में लागू है।

आठ जिले - सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, बारां, झालावाड़, भरतपुर, कोटा एवं बूंदी।

**117. व्याख्या :** (C) मनरेगा की शुरुआत 2 फरवरी, 2006 को आंध्रप्रदेश के बन्दापाली से।

प्रारंभ में राजस्थान के 6 जिलों में शुरू की गई।

1 अप्रैल, 2008 को सम्पूर्ण राजस्थान में लागू की गई।

**118. व्याख्या :** (D) भाखड़ा नांगल परियोजना राजस्थान, पंजाब व हरियाणा की संयुक्त परियोजना है।

इसकी कुल अधिस्थापित क्षमता 1493 मेगावॉट है, जिसमें राजस्थान का हिस्सा 15.2% (227.3 मेगावॉट) है।

119. **व्याख्या :** (C) दानपुर सुपर थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट बांसवाड़ा में स्थित है। इसकी अधिस्थापित क्षमता 1320 मेगावॉट है।
– कवई सुपर थर्मल पॉवर बारां में ये निजी क्षेत्र अडानी समूह का है। इसकी क्षमता 1320 मेगावॉट हैं

120. **व्याख्या :** (D) राज्य में तीन सहकारी क्षेत्र की मिलें हैं।
1. राजस्थान सहकारी कताई मिल लि. गुलाबपुरा (भीलवाड़ा) – 1965
2. गंगापुर सहकारी कताई मिल लि. गंगापुर (भीलवाड़ा)–1981
3. श्रीगंगानगर सहकारी कताई मिल लि. (हनुमानगढ़)–1978

121. **व्याख्या :** (A) मौसेरा शब्द में एरा प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। शेष तीनों विकल्पों में कोई प्रत्यय नहीं है।

122. **व्याख्या :** (C) विद्यालय – विद्या के लिए आलय, संप्रदान तत्पुरुष समास।
महापुरुष – महान है जो पुरुष, कर्मधारय समास।
सत्याग्रह – सत्य के लिए आग्रह, संप्रदान तत्पुरुष समास।
वनवास – वन में वास, अधिकरण तत्पुरुष समास।

123. **व्याख्या :** (A) राम, रामचरितमानस, गंगा शब्दों में व्यक्तिवाचक संज्ञा है।
व्यक्तिवाचक संज्ञा – राम, रामचरितमानस, गंगा, कृष्ण, कामायनी, आम।
जातिवाचक संज्ञा – वकील, पुस्तक।
भाववाचक संज्ञा – बुढ़ापा, मिठास।

124. **व्याख्या :** (C) शायद कमरे में कोई छिपा है, इस वाक्य में अनिश्चयवाचक सर्वनाम का प्रयोग हुआ है।
अनिश्चयवाचक सर्वनाम – कोई, कुछ

125. **व्याख्या :** (B) सुगंधित संज्ञा से बना विशेषण है।
ऊपर (अव्यय) + ई = ऊपरी (विशेषण)
भुलक्कड़ और कमाऊ क्रिया से बने विशेषण हैं।

126. **व्याख्या :** (C) बालक पतंग उड़ा रहा था। इस वाक्य में सकर्मक क्रिया है। पतंग कर्म तथा बालक कर्ता है।

127. **व्याख्या :** (C) कुमुदनी अशुद्ध शब्द है। इसका शुद्ध रूप कुमुदिनी होता है।

128. **व्याख्या :** (B) अभद्र का विलोम शब्द भद्र होता है।

129. **व्याख्या :** (D) निर्जर देवता का पर्यायवाची है।
देवता – देव, अजर, अमर, सुर, विबुध, भगवान, निर्जर, त्रिदश, अमर्त्य।
समुद्र – अंबुधि, वारीश, रत्नाकर, उद्धि, जलधि, सागर, पारावार, नदीश, अर्णव, वारिधि।

130. **व्याख्या :** (A) बाल की खाल निकालना मुहावरे का सही अर्थ होता है – बारीकी से जाँच-पड़ताल करना।

131. **व्याख्या :** (A) डॉक्यूमेंट की हार्ड कॉपी प्रिंटर द्वारा तैयार की जाती है। प्रिंटर एक आउटपुट डिवाइस है।
प्रिंटिंग तकनीक के आधार पर प्रिंटर 2 प्रकार के होते हैं–
1. इम्पेक्ट प्रिंटर 2. नॉन इम्पेक्ट प्रिंटर।

132. **व्याख्या :** (D) आउटपुट डिवाइस – मॉनिटर, स्पीकर, प्रोजेक्टर, प्रिंटर, प्लॉटर।
इनपुट डिवाइस – स्टाइलस, टचस्क्रीन, टचपैड, डिजिटल, कैमरा, विडियो कैमरा, वेब कैमरा, डिजिटाइजर, माइक्रोफोन, माइक्रो OMR, SCR, QR Reader.

**133. व्याख्या :** (C) आउटपुट डिवाइस वे होते हैं जिनके द्वारा प्रोसेसर यूजर को जानकारी देते हैं।

- प्रोसेस की गई सूचना को यूजर के लिए उपयोगी स्वरूप रूपान्तरित और प्रयुक्त करने का कार्य आउटपुट डिवाइस करता है।

**134. व्याख्या :** (C) इम्पेक्ट प्रिंटर के प्रकार–

1. डॉट मैट्रिक्स प्रिंटर 2. डेजी व्हील प्रिंटर
3. चेन प्रिंटर 4. ड्रम प्रिंटर

नॉन इम्पेक्ट प्रिंटर – थर्मल प्रिंटर, लेजर प्रिंटर, इंकजेट प्रिंटर।

**135. व्याख्या :** (B) स्कैनर एक इनपुट डिवाइस है।
इसके माध्यम से किसी भी भौतिक, फोटो, चित्र, आकृति एवं डॉक्यूमेंट को स्कैन कर डिजिटल रूप में बदला जाता है। अर्थात् हार्ड कॉपी को सॉफ्ट कॉपी में बदला जाता है।

**136. व्याख्या :** (B) Future में किसी Action के Complete होने का time हो वह Future Perfect Tense होगा।

**137. व्याख्या :** (C) The bridge is being repaired.

**138. व्याख्या :** (B) दिया गया वाक्य Direct Speech में है। Inverted comma के स्थान पर that तथा Reported speech में प्रयुक्त Who को none में बदलते हैं।

**139. व्याख्या :** (C) Took to का मतलब है किसी जगह से चले जाना।

**140. व्याख्या :** (D) Scholar

**141. व्याख्या :** (B) भारतीय सिविल सेवा की अधिकारी भारती दास ने नए लेखा महानियंत्रक के रूप में कार्यभार 18 अक्टूबर, 2022 को ग्रहण किया। सुश्री भारती दास वित्त मंत्रालय में 27वीं लेखा महानियंत्रक है।

**142. व्याख्या :** (C) आदित्य एल–1 भारत का पहला मिशन है जो सूर्य के अध्ययन के लिए बनाया गया है, तथा इस मिशन के प्रधान वैज्ञानिक के रूप में डॉ. शंकर सुब्रमण्यम को नामित किया गया है।

**143. व्याख्या :** (D) अभिनेता पंकज त्रिपाठी को भारतीय निर्वाचन आयोग ने अपना राष्ट्रीय आईकॉन घोषित किया है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग प्रसिद्ध हस्तियों को नेशनल आईकॉन बनाता है।

**144. व्याख्या :** (A) भारत और फ्रांस की वायुसेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास गरुड़ VII–2022 जोधपुर में आयोजित किया गया।

**145. व्याख्या : (B)** अमन सेहरावत स्पेन में आयोजित हुई अंडर 23 विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता है। इस चैम्पियनशिप में भारत 6 पदकों के (1 स्वर्ण, 1 रजत व 4 कांस्य) साथ 9वें स्थान पर रहा।

**146. व्याख्या : (B)** संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम द्वारा वर्ष 2021-22 के लिए 'मानव विकास रिपोर्ट' जारी की गई।

- यह जीवन प्रत्याशा, प्रतिव्यक्ति आय एवं शिक्षा जैसे संकेतकों पर आधारित है।
- इस रिपोर्ट में भारत को 191 देशों में से 132वाँ स्थान दिया गया, जबकि विगत वर्ष भारत का 131वाँ स्थान था।

**147. व्याख्या : (C)** प्रोजेक्ट चीता के तहत अफ्रीका के नामीबिया से 8 चीते भारत लाये गये, जिनमें से 5 मादा व 3 नर चीते हैं।

- इन्हें मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कुनो नेशनल पार्क में 17 सितंबर, 2022 को रिलीज किया।
- प्रधानमंत्री मोदी ने एक मादा चीते का नाम 'आशा' रखा।

**148. व्याख्या : (D)** देश के सबसे बड़े रबर डैम का निर्माण बिहार में फल्गु नदी पर किया गया।

- लोकार्पण 8 सितंबर, 2022 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किया गया।
- 411 मीटर लम्बा व 95 मीटर चौड़े डैम का नाम 'गया जी डैम' रखा गया।
- हैदराबाद की कंपनी एनसीसी लिमिटेड ने तैयार किया।

**149. व्याख्या : (A)** 5 सितंबर, 2022 को जारी 'यूनेस्को ग्लोबल नेटवर्क ऑफ लर्निंग सिटीज' में 3 भारतीय शहर सहित 44 देशों के 77 शहर शामिल हैं।

- सूची में भारतीय शहर त्रिशूर, नीलांबुर (केरल) तथा वारंगल (तेलंगाना) शामिल हैं।
- यह सूची वर्ष 2013 से प्रारंभ की गई जो एक अंतर्राष्ट्रीय नीति उन्मुख नेटवर्क है।

**150. व्याख्या : (B)** 27 सितंबर, 2022 को उदयपुर जिला प्रशासन, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, माणिक्यलाल वर्मा आदिम जाति शोध संस्थान एवं पर्यटन विभाग के तत्वाधान में राजस्थान के उदयपुर जिले में कोटड़ा में आयोजित किया गया।

❑❑❑

सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

- विषयवार ई- बुक यहाँ से देखे
- Youtube पर ऑनलाइन क्लासे देखे
- लेटेस्ट पोस्ट (GK क्विज)
- 1000 प्रश्न ई-बुक Download
- राजस्थान GK ई- बुक डाउनलोड
- Computer E- book Download
- Rajasthan Gk Questions
- India Gk Questions
- One Liner Gk Questions



RAJASTHAN CET
सामान्य हिन्दी
Download Now

सामान्य ज्ञान
5100+ प्रश्न

राजस्थान GK
LIVE CLASS PDF
DAILY UPDATE

सम्पूर्ण नोट्स PDF
विषयवार ई-बुक
सभी PDF यहां से डाउनलोड करें

भारत सामान्य ज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

सामान्य विज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
वन लाइनर प्रश्न-उत्तर
500+ क्लिक करें एवं पढ़ें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
लाइव क्लास की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

SSC GD
All Old Paper PDF
Solved Paper
PDF DOWNLOAD